## एक नजर में



### 4 लोगों को 45 हजार की आर्थिक सहायता

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा 4 लोगों को रेडक्रॉस के माध्यम से उपचार के लिए 45 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। ग्राम नगदी निवासी श्रीमती द्रोपदी बाई को पुत्र के उपचार के लिए 20 हजार रूपये, लालचंद बैरवा निवासी वार्ड 11 श्योपुर को हृद्य की जांच के लिए तथा कुश सिंहल निवासी श्योपुर को दुर्घटना में घायल होने पर जारी उपचार के लिए 10-10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार कराहल निवासी राघवेन्द्र चौहान को पत्नि की बीमारी के लिए उपचार हेतु 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, रेडक्रॉस सचिव श्री दिनेश दुबोलिया, उपाध्यक्ष जुगल बंसल आदि मौजूद रहें।

### स्ट्रा रीपर एवं बेलर अनुदान खरीदने पर आवेदन 2 फरवरी तक

**श्योपुर।** संचालनालय कृषि अभियात्रिकी विभाग द्वारा स्ट्रा रीपर एवं बेलर अनुदान पर खरीदने के लिए किसानों से 2 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि अनुदान पर स्ट्रा रीपर एवं बेलर कृषि यंत्र खरीदने के लिए किसान ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन कर सकते है, इसकी अंतिम तिथि 2 फरवरी 2026 नियत है। जो भी किसान पराली एवं नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी उक्त यंत्रों को खरीदना चाहते है, वे भूमि की खतौनी अथवा बी-1, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन, जाति प्रमाण पत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है, स्ट्रा रीपर खरीदने के लिए सहायक कृषि यंत्री श्योपुर के नाम 10 हजार रूपये तथा बेलर खरीदने के लिए 15 हजार रूपये का डिमांड ड्राफ्ट भी लगाना होगा।

### विधानसभा अध्यक्ष 30 को करेंगे जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**श्योपुर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 30 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 11 बजें कराहल में रेडक्रॉस अंतर्गत प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न व्यवस्थाएं किये जाने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे।

### किसान बाईक रैली आज

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने के क्रम में 29 जनवरी को किसान बाईक रैली का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में किसान बाइक रैली दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होगी, रैली का समापन एसडीओ कृषि कार्यालय पाली रोड श्योपुर पर होगा। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से शिवपुरी रोड, गुलम्बर होते हुए पाली रोड तक आयोजित होगी।

### पत्थर डालने की बात पर मारपीट की

**श्योपुर।** थाना देहात मारपीट फरि. सुरेश पुत्र बद्रीलाल गुर्जर उम्र 21 सा नि. माखनाखेड़ली ने रिपोर्ट की कि दि. 26.01.26 के 11.00 बजे स्थान गणेश जी मंदिर के पास माखनाखेड़ली पर आरोपीगण, लखन गुर्जर, गजानंद गुर्जर, गिर्राज गुर्जर नि. गण. माखनाखेड़ली ने पत्थर डालने की बात पर से मां गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. बहन की गंदी 26.01.26 के 15.23 बजे अप. क्र. 17/26 धारा 115(2),296 (ए),351(2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर।** थाना विजयपुर सड़क दुर्घटना फरि संध्या पत्नी राजेन्द्र धाकड़ उम्र 29 साल नि. इटवई थाना विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 27.01.26 के 12.00 से 12.10 बजे स्थान लवाण्या साड़ी शोरूम के सामने टेटरा विजयपुर रोड़ पर आरोपी अज्ञात ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि की बेटी को टक्कर मार दी जिससे फरि की बच्ची घायल हो गई। दि. 27.01.26 के 14.59 बजे अप.क्र. 34/26 धारा 125(ए), 281 बीएनएस कायम कर लिया है।

### अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा

**श्योपुर।** थाना ढोढर अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा आरोपी राकेश पुत्र प्रेमकुमार धोबी उम्र 28 साल राप थाना आवदा को दि. 27.01.26 के रात्रि 00.17 बजे स्थान खिरखिरी बाईपास ढोढर तिराहा पर अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा रेत कीमती 5000/-रु. 1 दि. 27.01.26 के 01.14 बजे अप.क्र. 08/26 धारा 303(2),317(5), बीएनएस कायम कर लिया है।

### बच्चियों को स्कूल छोड़ने की कहने पर मारपीट

**श्योपुर।** थाना कोतवाली मारपीट फरि विध्या पत्नी भगवानदास माहौर उम्र 32 साल नि. कमला खेडली श्योपुर वार्ड क्र. 14 ने रिपोर्ट की कि दि. 27.01.26 के 08.00 बजे स्थान फरि का घर वार्ड क्र. 14 कमाल खेडली श्योपुर पर आरोपीगण गुलाब बाई माहौर, भगवानदास माहौर, चन्द्रप्रकाश माहौर नि.गण सदर ने फरि. अपने पति से अपनी बच्चीयों को स्कूल छोड़ने की कहने पर से पति, सास, देवर द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट की। दि. 27.01.26 के 11.25 बजे अप.क्र. 22/26 धारा 296 (बी), 115(2).3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बटवारे की बात पर मारपीट की

**श्योपुर।** मारपीट फरि. इलयास पुत्र अलीमुद्दीन अनसारी उम्र 48 साल नि. वार्ड नं. 04 बड़ौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 27.01.26 के 18.45 बजे स्थान फरि. के घर के सामने वार्ड नं. 04 बड़ौदा पर आरोपीगण वसीम अनसारी, इरसाद अनसारी, दानिश अनसारी नि.गण वार्ड क्र. 18 श्योपुर ने फरि को जमीन के बटवारे की बात पर से गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 27.01.26 के 21.03 बजे अप.क्र. 18/26 धारा 115(2),296 (ए),351(2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### ओलों और बारिश ने उजाड़ दी विजयपुर के किसानों की मेहनत

**विजयपुर।** बुधवार को अचानक बदले मौसम ने अन्नदाता की कमर तोड़कर रख दी। सुबह तक जो खेत हरियाली से लहलहा रहे थे, शाम होते-होते वहीं खेत किसानों की आंखों के आंसुओं के गवाह बन गए। तेज़ आंधी, मूसलाधार बारिश और कई गांवों में हुई ओलावृष्टि ने रबी फसलों को इस कदर नुकसान पहुंचाया कि किसान स्तब्ध और हताश नजर आए। विजयपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में तेज़ हवाओं के साथ आई बारिश और ओलों ने खेतों में खड़ी गेहूँ, सरसों और चना की फसलों को जमीन पर लाकर पटक दिया। जिन खेतों में फसलें कटाई के मुहाने पर थीं, वहां किसान अपने टूटे सपनों को बिखरा हुआ देख रहे हैं। कई स्थानों पर गेहूँ की बालियाँ टूटकर गिर गईं, सरसों की फलियां झड़ गईं और चना की फसल मिट्टी में दबकर खराब होने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों का दर्द शब्दों में बयां करना मुश्किल है। महीनों की मेहनत, खाद-बीज, सिंचाई और कर्ज का बोझ—सब कुछ एक ही झटके में तबाही में बदल गया। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेकर फसल बोई थी, अब नुकसान के बाद परिवार चलाने की चिंता सताने लगी है। खेतों में भरा पानी और गिरी हुई फसलें उनके दिलों पर बोझ बनकर रह गई हैं। कई गांवों में ओलावृष्टि ने हालात और भयावह कर दिए। ओलों की मार से पौधे पूरी तरह टूट गए, जिससे पैदावार में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। इधर अगरा क्षेत्र के गांवों में अधिक बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसल सड़ने और पूरी तरह खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों की नींद उड़ चुकी है और हर चेहरा चिंता से भरा नजर आ रहा है। ग्रामीण अंचल के किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराया जाए और बिना देरी के उचित मुआवजा दिया जाए।



# अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों में निराकरण बढ़ाएं : डीएम

**अतिक्रमण की रिपोर्ट नही देने वाले पटवारियों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश, राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा है कि भूमि संबंधी मामलों में अभिलेख दुरूस्ती से संबंधित प्रकरणों का निराकरण बढाया जायें। वर्तमान में श्योपुर में 50, कराहल में 55 एवं विजयपुर में 78 प्रतिशत प्रकरणों में निराकरण किया गया है, शेष प्रकरण भी निराकृत किये जायें। इन मामलों में शासकीय दस्तावेजो के आधार पर अभिलेखों की दुरूस्ती की जायें। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन सभी राजस्व अधिकारी ग्रामों में कैम्प लगाकर अभिलेख दुरूस्ती का कार्य सुनिश्चित करें।



इसके साथ ही उन्होंने अतिक्रमण की रिपोर्ट नही देने वाले पटवारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी शासकीय भूमि एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध क्रमश: धारा 248 एवं 250 की कार्यवाही प्रचलित करें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि राजस्व वसूली का प्रतिशत बढाया जायें, 9 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध अभी लगभग सवा चार करोड़ रूपये की वसूली का लक्ष्य पूरा हुआ है, उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत वसूली पूर्ण करें।

डायर्वसन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जायें, श्योपुर में 93, कराहल में 85 एवं विजयपुर में 78 प्रतिशत निराकरण हआ है। उन्होंने निर्देश दिये कि शासकीय भूमियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जायें तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाहियां जारी रखी जायें। इसी प्रकार विभिन्न शासकीय विभागों को भूमि आवंटन के प्रकरण निराकृत कर जिला स्तर पर भू-आवंटन कमेटी को प्रस्तुत किये जायें।

**समयसीमा में करें प्रकरणों का निराकरण**

सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई जायें, जिससे मंदिर भूमियों का संरक्षण सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने निर्देश दिये पुजारियों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जायें, इसके साथ ही लक्ष्य अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में नियमित रूप से बैठे तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण, सीमांकन, बटवारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें।

### पत्थर से आई थी चोटें इलाज के दौरान मौत

**श्योपुर, 28 जनवरी।** थाना देहात मर्ग सूचनाकर्ता सीताराम पुत्र रामलाल बैरवा उम्र 47 साल नि. कंवरसिल्ली ने रिपोर्ट की कि के 22.04 बजे स्थान एसएमएस हॉस्पीटल जयपुर पर मृतक गुड्डीबाई पत्नी सीताराम बैरवा उम्र 45 साल नि. कंवरसिल्ली मृतक की मृत्यु पत्थर से आयी चोटो से दौरान इलाज एसएमएस हॉस्पीटल जयपुर मे हो गई। दि. 27.01.26 के 19.33 बजे मर्ग क्र. 04/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

**इलाज के दौरान हुई मौत : श्योपुर।** सू.क. आर. 200 अरूण शर्मा ने बताया कि दि. रघुनाथपुर दौराने ईलाज मृत्यु 18.12.25 के 23.00 बजे स्थान महुआमार पर मृतक राहुल पुत्र मोहरसिंह बंजारा उम्र 17 साल नि. ग्राम धोकड़ी की मृत्यु एक्सीडेन्ट में आयी चोटों से दौरान ईलाज जे.एच. अस्पताल ग्वालियर में हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### कच्ची अवैध शराब जप्त

**श्योपुर, 28 जनवरी।** थाना आवदा पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी लड्डू पुत्र माखनलाल बंजारा उम्र 39 साल नि. खानपुरा को कब्जे में लेकर कच्ची शराब कीमती 700/-रु. के जप्त की।

**बटवारे की बात पर मारपीट की : श्योपुर।** थाना बड़ौदा (अ) मारपीट फरि. अब्दुल बहीद पुत्र वसीद मोहम्मद उम्र 55 साल नि. वार्ड नं. 18 जनता नगर श्योपुर ने रिपोर्ट की कि स्थान हॉली चौक बड़ौदा पर आरोपीगण मोहम्मद सफीक, इलयास अनसारी, सादीक अनसारी नि. वार्ड क्र. 04 बड़ौदा ने फरि. को जमीन के बटवारे की बात पर से गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत टर्राकलां में जनजागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत विकासखंड विजयपुर के ग्राम टर्राकलाँ में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक चेतना का विस्तार करना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना रहा।



जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से जुड़ी प्रस्फुटन समिति विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का माध्यम है, सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचाएं ‰

कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता रवि समाधिया ने कहा कि च्ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। जन अभियान परिषद द्वारा युवाओं और समाजसेवियों को जोड़कर शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध प्रभावी कार्य किया जा रहा है। समाज की सहभागिता से ही गांवों का सर्वांगीण विकास संभव है ‰

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने एवं स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर गांव निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा, सुरेश शर्मा, किशन शर्मा, मनोज, संदीप, पीतम, सोनू रावत, कृष्णा शर्मा, विजय नारायण माली, हरपाल आदिवासी मौजूद रहे।

# पीएमएफएमई अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन




नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय पौधशाला परिसर श्योपुर में संपन्न हुआ।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना अंतर्गत शासन द्वारा फूड इंडस्ट्रीज को बढावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित इस योजना के तहत विभिन्न खाद्य सामग्री के प्रसंस्करण हेतु उद्योग लगाने के लिए युवाओं को 35 प्रतिशत का अनुदान भी शासन की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई अंतर्गत खाद्य पदार्थो के प्रसंस्करण के लिए युवा अपने उद्योग स्थापित करें, जिससे अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध होगा।

**कृषकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण**

कृषि विज्ञान केंद्र बडौदा के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कायम सिंह द्वारा फल एवं सब्जियों के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ तैयार करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा कृषको को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं बैंकर्स प्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विभाग की उद्योग स्थापना संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उद्यानिकी विभाग की ओर से कमलेश माली ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी द्वारा विभाग की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में 105 उद्यमी एवं कृषकों ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि ग्राम सारसिल्ला और कराहल में दबिश दी गई, जहां लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 800 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 4 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 88000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, मोनू शाक्य एवं अन्य आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा।



### एसएनए स्पर्श पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में एसएनए स्पर्श पोर्टल के संचालन के संबंध में विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी अजय पाण्डोरिया के नेतृत्व में कोषालय की टीम द्वारा पोर्टल के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं वीबी जी रामजी, एसबीएम, एनआरएलएम आदि योजनाओं में भुगतान की प्रक्रिया के लिए एसएनए स्पर्श पोर्टल लांच किया गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाईजर का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर सुपरवाइजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक लल्लन प्रसाद गोंड ने शाला त्यागी बालिकाओं के सर्वे करने हेतु ऑनलाइन लिंक के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इस पर एन्ट्री के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सर्वे के उपरांत शाला त्यागी बालिकाओं के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर सत्रों का आयोजन किया जायेगा।



प्रशिक्षण के दौरान लैंगिक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण, बाल एवं लैंगिक हिंसा तथा उनसे जुड़े कानून, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर 8 सत्र आयोजित किये गये। जन शिक्षण संस्थान से राजेश मीणा ने कौशल विकास और व्यवसायिक प्रशिक्षण पर मार्गदर्शन करते हुए जानकारी दी कि जहां भी 20 बालिकाओं का समूह होगा वहां जन शिक्षण संस्थान सिलाई, ब्यूटीपार्लर जैसे कौशल उन्नयन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

इस अवसर पर डीआरजी सदस्य प्रदीप मुद्गल, राजेश त्रिवेदी तथा सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती ज्योति शाक्य, श्रीमती रेखा सुमन आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभागार में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी विक्रम जाट, वाटरशेड परियोजना अधिकारी पीएस राजपूत, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, जिला समन्वयक एसबीएम जीएस डोगरे, प्रभारी अधिकारी पंचायत प्रकोष्ठ श्रीमती राजेश शर्मा, प्रधानमंत्री आवास प्रभारी श्रीमती सारिका पाटीदार सहित जनपद पंचायतों के सीईओ, उपयंत्री आदि उपस्थित थे।



सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि पीएम आवास योजना सहित पीएम जनमन के तहत संचालित आवास निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जायें, उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाये एवं जिला पंचायत में आवास शाखा प्रभारी को प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि पुराने कार्यो को फरवरी अंत तक पूर्ण कर उनका कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किये जायें। इसके साथ ही उन्होंने सभी ग्रामों में मुक्तिधाम स्थलो का संधारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन स्थलो पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें। इस अवसर पर मॉ की बगिया कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई।

# सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 28 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सांदीपनी विद्यालय में पढ़ने वाले व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड आईटी एवं ईटी के विद्यार्थियों द्वारा आज औद्योगिक भ्रमण किया गया। लोक शिक्षण संचनालय के दिशा निर्देशानुसार औद्योगिक भ्रमण अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्योपुर (आईटीआई) की एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों द्वारा की गई तथा संस्थान में चलने वाले विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक ट्रेड व उनसे जुड़े व्यवसायो की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान आईटीआई के प्रशिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित आईटी व ईटी की प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कराया गया और आईटीआई कोर्स अंतर्गत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत मिलने वाले रोजगार के अवसरों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल ने शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर छात्रों के साथ व्यावसायिक शिक्षक राघवेंद्र तिवारी व शुभम शर्मा उपस्थित रहे।




